प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

16 जनवरी 2025

## भारतीय रिज़र्व बैंक ने एनबीएफसी के लिए स्केल आधारित विनियमन के अंतर्गत ऊपरी स्तर (एनबीएफ़सी-यूएल) में एनबीएफसी की सूची जारी की

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज वर्ष 2024-25 के लिए एनबीएफसी के लिए स्केल आधारित विनियमन के अंतर्गत ऊपरी स्तर में एनबीएफसी की सूची की घोषणा की।

2. भारतीय रिज़र्व बैंक ने 22 अक्तूबर 2021 को स्केल आधारित विनियमन (एसबीआर): एनबीएफसी के लिए एक संशोधित विनियामक ढांचा जारी किया था। यह ढांचा एनबीएफसी को आधार स्तर (एनबीएफसी-बीएल), मध्य स्तर (एनबीएफसी-एमएल), ऊपरी स्तर (एनबीएफसी-यूएल) और शीर्ष स्तर (एनबीएफसी-टीएल) में वर्गीकृत करता है और यह एनबीएफ़सी की आस्ति के आकार और स्कोरिंग पद्धति के अनुसार ऊपरी स्तर में उनकी पहचान करने की पद्धति निर्धारित करता है। तदनुसार, 2024-25 के लिए एनबीएफसी-यूएल की सूची निम्नवत है:

| क्रम सं. | एनबीएफ़सी का नाम | एनबीएफसी की श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार करने वाली एचएफ़सी |
| 2 | बजाज फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| 3 | श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी- आईसीसी |
| 4 | टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड | मूल निवेश कंपनी |
| 5 | चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी- आईसीसी |
| 6 | एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड (पूर्ववर्ती एल एंड टी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड) | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी- आईसीसी |
| 7 | महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी- आईसीसी |
| 8 | आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी- आईसीसी |
| 9 | टाटा कैपिटल लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी- आईसीसी |
| 10 | पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एचएफ़सी |
| 11 | पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार करने वाली एचएफ़सी |

| क्रम सं. | एनबीएफ़सी का नाम | एनबीएफसी की श्रेणी |
|---|---|---|
| 12 | एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी- आईसीसी |
| 13 | सम्मान कैपिटल लिमिटेड (पूर्ववर्ती इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी- आईसीसी |
| 14 | मुथूट फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी- आईसीसी |
| 15 | बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एचएफ़सी |

एचएफसी: आवास वित्त कंपनी; एनबीएफसी-आईसीसी: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-निवेश और ऋण कंपनी।

3. स्कोरिंग पद्धति के अनुसार एनबीएफसी-यूएल के रूप में पहचान हेतु योग्य होने के बावजूद, पिरामल एंटरप्राइजेज लिमिटेड को कारोबारी समूह में चल रहे पुनर्गठन के कारण वर्तमान समीक्षा में एनबीएफसी-यूएल की सूची में शामिल नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा, एनबीएफसी-यूएल की सूची में टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड को शामिल करने से उसके पंजीकरण रद्द करने के आवेदन, जिसकी जांच चल रही है, के परिणाम पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

4. ढांचे के संदर्भ में, एक बार जब किसी एनबीएफसी को एनबीएफसी-यूएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो यह इस स्तर में इसके वर्गीकरण से कम से कम पाँच वर्ष की अवधि के लिए बढ़ी हुई विनियामक अपेक्षाओं के अधीन होगा, भले ही यह अगले वर्ष/ वर्षों में पैरामीट्रिक मानदंडों को पूरा न करता हो।

**(पुनीत पंचोली)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1939**

मुख्य महाप्रबंधक